प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 08.11.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **देशभर के साथ ही पूरे झारखंड में धूमधाम से मनाई जा रही है दीपावली, काली पूजा पंडालों के खुले पट, दीयों की रोशनी से जगमग हुए शहर।**
2. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षाबलों के साथ मनाई दिवाली, कहा – यह पहली दिवाली है जब देश का प्रत्येक ज़िला नक्सलवाद से मुक्त।**
3. **केंद्रीय सरना समिति समेत विभिन्न संगठनों ने आदिवासी नेत्री निशा भगत की मौत मामले की सीबीआई जांच की मांग की, रांची में निशा भगत की प्रतिमा लगाने का किया ऐलान।**
4. **बीएड, एमएड और बीपीएड में नामांकन के लिए जेसीईसीईबी ने काउंसलिंग कार्यक्रम किया जारी, 10 नवंबर को जारी होगा रिक्त सीटों का विवरण।**
5. **मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश का जताया पूर्वानुमान, कल साहिबगंज, गोड्डा, देवघर, पाकुड़, दुमका और जामताड़ा में बारिश की संभावना।**

****

देशभर के साथ ही पूरे झाऱखंड में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं, राजधानी रांची समेत राज्यभर के काली पूजा पंडालों के पट आज शाम खुल गये और लोगों की भीड़ जुटी रही। मंदिरों और घरों में पूजा हो रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार औऱ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षाकर्मियों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दिवाली का विशेष महत्व है।

प्रधानमंत्री ने सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल, भारतीय रिजर्व बटालियन, राज्य पुलिस बलों, बस्तर में तैनात महिला कमांडो सहित विशेष बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है जिससे देश की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

****

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग समेत पूरे देश में पिछले दो दिनों से बाजारों में खरीदारी की रौनक है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था में तेजी आई है।

****

प्रकाश पर्व दीपावली को लेकर जामताड़ा जिले में उत्साह का माहौल है। लोग पूजा और त्योहार से जुड़ी जरूरी सामग्रियों की खरीदारी कर रहे हैं। समाजसेवी प्रदीप रावत ने बताया कि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के **'वोकल फॉर लोकल'** के आह्वान से प्रेरित होकर लोग मिट्टी के दीये और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

****

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी के 99वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को श्री आडवाणी के व्यक्तित्व और जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

****

पलामू में भाजपा बूथ अध्यक्ष संजय यादव के साथ मारपीट की घटना पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने नाराजगी जताई है। उन्होंने रिम्स पहुंचकर इलाजरत संजय यादव से मुलाकात की। श्रीसाहू ने पुलिस से नामजद चारों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि गिरफ्तारी नहीं होने पर भाजपा थाना और पलामू एसपी कार्यालय का घेराव करेगी।

****

आदिवासी नेत्री निशा भगत की रांची में मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। केंद्रीय सरना समिति समेत विभिन्न आदिवासी संगठनों ने रांची में निशा भगत की प्रतिमा स्थापित करने का ऐलान किया है। आज रांची में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने राज्य सरकार पर निशाना साधा।

आदिवासी संगठनों ने निशा भगत की मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से स्थिति स्पष्ट करने की भी मांग की।

****

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद– **जेसीईसीईबी** ने बीएड, एमएड और बीपीएड की रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए फाइनल राउंड काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया है। 10 नवंबर को रिक्त सीटों का विवरण जारी होगा। 11 से 15 नवंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और चॉइस फिलिंग होगी। 17 नवंबर को सीट आवंटन और 18 से 23 नवंबर तक दस्तावेज सत्यापन और नामांकन होगा। पूर्व के राउंड में शामिल नहीं होने वाले या सीट नहीं पाने वाले और दाखिला नहीं ले सके अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे।

****

दीपावली पर आतिशबाजी के दौरान आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए हजारीबाग का अग्निशमन विभाग अलर्ट पर है। अग्निशमन विभाग के प्रभारी शैलेंद्र किशोर ने बताया कि विभाग ने जिले में छह दमकल गाड़ियों को तैयार रखा है। श्रीकिशोर ने लोगों से खुले और सुरक्षित स्थानों पर ही पटाखे जलाने की अपील की है।

****

सरायकेला–खरसावां में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से दीपावली के अवसर पर वृद्धाश्रम और बालिका गृह में दीपोत्सव मनाया गया। सरायकेला स्थित वृद्धाश्रम और गम्हरिया के वात्सल्य बालिका गृह में बुजुर्गों और बच्चियों के बीच मिठाइयां, फल और खिलौने बांटे गए। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह और प्राधिकार के सचिव तौसीफ मेराज मौजूद रहे।

****

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, कल साहिबगंज, गोड्डा, देवघर, पाकुड़, दुमका और जामताड़ा में बारिश हो सकती है। वहीं, 10 नवंबर को संथाल परगना, कोल्हान के जिलों के अलावा रांची, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो और धनबाद में भी बारिश का पूर्वानुमान है।

****

रांची स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय–डीएसपीएमयू की आर्चरी टीम के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें 17 खिलाड़ी चुने गये। चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के बाद अंतिम ट्रायल देना होगा, जिसके बाद 14 खिलाड़ियों की टीम बनेगी। यही टीम अंतर विश्वविद्यालय और अन्य प्रतियोगिताओं में डीएसपीएमयू का प्रतिनिधित्व करेगी।

********समाप्त*********